वर्ष - 01 | अंक - 100 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - शुक्रवार, 26 सितम्बर 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4




फोटो - शशांक तम्बोली

# नवरात्र विशेष : अरावली की गोद में बाण माता धाम , शेर की दहाड़ से शुरू हुई आस्था की अमर गाथा

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़**

अरावली की हरी-भरी घाटी में स्थित बाण माता शक्तिपीठ नवरात्र में भक्ति और आस्था का केंद्र बन गया है। मान्यता है कि यहां माता के चमत्कार से रोग मिटते हैं और संकट दूर होते हैं। नवरात्र के दिनों में यहां भक्तों का सैलाब उमड़ रहा है।ठेकेदार को दो बार आए स्वप्न, फिर दिनदहाड़े शेर ने किया संकेत

करीब छह दशक पहले जब गोवटा बांध का निर्माण शुरू हुआ, तब ठेकेदार को देवी ने सपने में आदेश दिया कि पहले मंदिर का निर्माण करो, वरना भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। शुरू में उसने इसे अनदेखा किया, लेकिन कुछ दिन बाद दिनदहाड़े एक शेर प्रकट हुआ और जमीन पर पंजों से निशान बनाकर गर्जना करने लगा। इसे देवी का संकेत मानकर तुरंत मंदिर की नींव रखी गई और तभी से यह स्थान अलौकिक आस्था का केंद्र बन गया।

### मनोतियां पूरी, बलि नहीं–पशु स्वतंत्र विचरण करते हैं

बाण माता को राजपूतों की कुलदेवी माना जाता है। भक्त अपनी मनोकामना पूरी होने पर मुर्गा, बकरा या मेमना छोड़ जाते हैं, लेकिन यहां बलि की प्रथा नहीं है। पशु मंदिर परिसर और घाटी में स्वतंत्र घूमते रहते हैं, जो इस धाम की विशेषता है।

### भव्य संगमरमर मंदिर, 108 सीढ़ियों से पहुंचते हैं श्रद्धालु

आज यहां सफेद संगमरमर का भव्य मंदिर खड़ा है, जिसे दूर से ही देखा जा सकता है। पहाड़ी पर स्थित इस धाम तक पहुंचने के लिए श्रद्धालुओं को 108 सीढ़ियां चढ़नी पड़ती हैं। वहीं मंदिर के चरणों में बसा 27 फीट ऊंचाई का गोवटा बांध मन को प्रसन्न कर देता है।

### नवरात्र में उमड़ता है जनसैलाब

नवरात्र में यहां नौ दिनों तक विशाल मेला सजता है। भीलवाड़ा ही नहीं, बल्कि चित्तौड़गढ़, बूंदी और कोटा सहित कई जिलों से हजारों श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं।

बाण माता धाम की यह गाथा आज भी भक्तों को विश्वास, रहस्य और चमत्कार का जीवंत अनुभव कराती है।

# प्रधानमंत्री मोदी ने माही-बांसवाड़ा परमाणु ऊर्जा संयंत्र की आधारशिला रखी

## राजस्थान को 1.08 लाख करोड़ की परियोजनाओं की सौगात

**भीलवाड़ा फोकस @ बांसवाड़ा**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बांसवाड़ा जिले के नापला में माही-बांसवाड़ा परमाणु ऊर्जा संयंत्र की आधारशिला रखकर राजस्थान को 1 लाख 8 हजार 468 करोड़ रुपए की विभिन्न विकास परियोजनाओं और योजनाओं में सौगात दी। इस अवसर पर मोदी ने कहा कि देश बिजली की रफ्तार से आगे बढ़ रहा है और राजस्थान इसमें अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम में कहा कि नवरात्रि के पावन अवसर पर ऊर्जा शक्ति का नया अध्याय शुरू हो रहा है। उन्होंने बिजली उत्पादन, स्वच्छ ऊर्जा और सौर परियोजनाओं पर जोर देते हुए कहा कि आज राजस्थान सौर ऊर्जा क्षेत्र में देश में प्रथम स्थान पर है। उन्होंने जीएसटी में कमी और पीएम-कुसुम, पीएम-सूर्य घर जैसी योजनाओं से घर-परिवारों को बचत और सुविधाएं मिलने पर खुशी व्यक्त की। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने





कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में राजस्थान स्वच्छ ऊर्जा, आदिवासी कल्याण और बड़े बुनियादी ढांचे के क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने माही-बांसवाड़ा परमाणु ऊर्जा परियोजना का महत्व बताते हुए कहा कि यह परियोजना राज्य में रोजगार और स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन का बड़ा स्रोत बनेगी।

इस मौके पर प्रधानमंत्री ने दो वंदे भारत एक्सप्रेस और एक नई ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में शिक्षा, जल, ऊर्जा और रोजगार जैसी योजनाओं के लाभों को उजागर किया। इसके अलावा, देशवासियों को गर्व से कहो - ये स्वदेशी है का मंत्र देते हुए स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में राज्यपाल, मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री, सांसद, विधायक और बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

गौरतलब है की माही-बांसवाड़ा परियोजना में कुल 2800 मेगावाट क्षमता के चार इकाइयों का निर्माण होगा, जिसमें प्रेशराइज्ड हेवी वाटर रिएक्टर तकनीक का उपयोग किया जाएगा।

# कोटा-चित्तौड़गढ़ एनएच 27 पर ट्रेलर पलटा, नीला धुंआ और आग ने मचाया खौफ, हाइवे जाम



**भीलवाड़ा फोकस @ लाडपुरा**

राज सुथार - कोटा-चित्तौड़गढ़ एनएच 27 पर लाडपुरा के अमरर्तिया मंशापूर्ण महादेव के पास गुरुवार रात एक ट्रेलर गाय को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर सड़क के बीच पलट गया। ट्रेलर में रखा केमिकल युक्त पाउडर सड़क पर फैल गया और अचानक आग लग गई। सड़क पर इस दौरान फैलते पाउडर से नीले रंग का धुंआ उठता दिखाई दिया, जिसे देखकर आसपास के लोग दंग रह गए।

घटना के कारण हाइवे पर घंटों तक भारी जाम लग गया और कई किलोमीटर तक वाहन रुक-रुककर चलने को मजबूर हुए। सूचना मिलने पर मौके पर दमकल और पुलिस टीम तुरंत पहुंची। दमकलकर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद डेढ़ घंटे में आग पर काबू पाया।

गनीमत रही की हादसे के दौरान ट्रेलर में मौजूद चालक सहित चार लोग सुरक्षित बाहर निकलने में सफल रहे । घटना की मांडलगढ़ पुलिस उपाधीक्षक बाबू लाल विश्नोई ने भी जानकारी ली है । पुलिस मामले की जांच में जुटी है ।

# बिजौलिया थाना का चार्ज उगमाराम को सौंपा गया

भीलवाड़ा फोकस @ बडलियास



भीलवाड़ा पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने आदेश जारी कर जिले के कई थानों में नए प्रभारियों को लगाया है। सिंह के आदेशानुसार विभिन्न थाना अधिकारियों के उप निरीक्षक से पुलिस निरीक्षक पर चयन होने से पीसीसी में प्रशिक्षण के लिए जाने से पद रिक्त हो गए थे । जिसके चलते अग्रिम आदेश तक नए अधिकारियों को चार्ज दिया गया है।

बिजौलिया थाना का चार्ज उप निरीक्षक उगमाराम को सौंपा गया है। इसी प्रकार हमीरगढ़ का चार्ज निरीक्षक राजूराम काला, महिला थाना का चार्ज निरीक्षक भंवरलाल मीणा, बडलियास का चार्ज उप निरीक्षक देवराज सिंह और काछोला का चार्ज उप निरीक्षक बालकिशन को दिया गया है।

एसपी ने बताया कि अगली आदेश तक ये अधिकारी संबंधित थानों का कार्यभार संभालेंगे।

# फैमिली गरबा डांडिया रास में उमड़ी भीड़, गुजरात-बॉलीवुड थीम पर थिरके



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

श्री महेश बचत एवं साख समिति द्वारा आयोजित फैमिली गरबा डांडिया रास 2025 का पहला दिन उत्साह और उमंग के साथ संपन्न हुआ। पारंपरिक परिधानों में सजे समाजजन और परिवारजन डांडिया की ताल पर देर रात तक थिरकते रहे।

समिति संयोजक शांतिलाल डाड ने बताया कि पहले दिन ही बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और सभी आयु वर्ग ने गरबा का आनंद लिया। इस वर्ष कार्यक्रम में परंपरा और आधुनिकता का सुंदर संगम देखने को मिला। अध्यक्ष संदीप लढा और मंत्री नारायण लाहोटी ने समाजजनों की अद्भुत सहभागिता की सराहना की।

लाइव म्यूज़िक बैंड के साथ बॉलीवुड थीम और पारंपरिक गुजराती गीतों ने युवा और बुजुर्ग दोनों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन एंकर हर्ष सोमानी ने किया। प्रतियोगिताओं में विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार भी दिए गए।

इस अवसर पर समिति के संरक्षक, अध्यक्ष, महिला अध्यक्ष, कोऑर्डिनेटर, मंत्री और कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे ।

# त्रिवेणी नदी में डूबने से युवक की मौत, दर्शन करने जा रहा था जोगणियां माता

भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद



**सुरेश।** कस्बे की त्रिवेणी नदी में गुरुवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया, जिसमें रायला थाना क्षेत्र के कुंडिया कला गांव निवासी युवक की डूबने से मौत हो गई।

थाना प्रभारी जय सुल्तान ने बताया कि मृतक की पहचान मूलसिंह पुत्र भीम सिंह राठौड़ (उम्र 35 वर्ष) निवासी कुंडिया कला के रूप में हुई है। वह जोगणियां माता दर्शन के लिए जा रहा था। रास्ते में त्रिवेणी नदी पर नहाने के लिए रुका, लेकिन गहराई में चले जाने से डूब गया।

सूचना मिलने पर एसडीआरएफ टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू कर शव को बाहर निकाला। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सुपुर्द किया है । पुलिस मामले की जांच में जुटी है ।

# पैदल यात्री को बचाने के चक्कर में ट्रेलर ने बाइक को टक्कर मारी, महिला की मौत, देवर-भाभी घायल

भीलवाड़ा फोकस @ बिगोद


मृतका- हीरा देवी


घायल - मैना


घायल - कमलेश

( सुरेश ) । लाडपुरा मेगा हाईवे पर सोपुरा बस स्टैंड के पास गुरुवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। जोगणिया माता पैदल जा रहे एक यात्री को बचाने के प्रयास में बीगोद से सवाईपुर की ओर जा रहे ट्रेलर ने आगे चल रही बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार महिला की मौके पर मौत हो गई, जबकि देवर और भाभी गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस और 108 एंबुलेंस तुरंत मौके पर पहुंची। घायल देवर कमलेश सालवी (22 वर्ष) पिता भीम सालवी और भाभी मैना सालवी (30 वर्ष) पति बबलू सालवी को प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। वहीं, मैना की मां हीरा देवी पत्नी शम्भु लाल सालवी को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

कांस्टेबल रजनीश में बताया की सोपुरा निवासी कमलेश, भाभी मैना और भाभी की मां हीरा देवी नवरात्रि के अवसर पर देवस्थान में धोक देने सवाईपुर की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आए ट्रेलर ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मां और बेटी ट्रेलर के टायर के नीचे आ गईं।

सूचना पर बीगोद थाना के एएसआई सत्यनारायण वैष्णव, कांस्टेबल मदनलाल चौधरी, बड़लियास थाना से दीवान सुनील बेनीवाल, विनोद गढ़वाल और सवाईपुर चौकी पुलिस का जाप्ता मौके पर पहुंचकर घायल परिवार को तत्काल चिकित्सालय पंहुचे और हादसे की जांच शुरू की।

जिला चिकित्सालय में मृतक महिला का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंपा गया। पुलिस ने ट्रेलर चालक की पहचान कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# निर्दलीय विधायक के कार्यकर्ता पर महिला ने लगाए गंभीर आरोप, पुलिस पर लापरवाही का आरोप




भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में एक महिला ने निर्दलीय विधायक के करीबी कार्यकर्ता सत्यनारायण उर्फ सत्तू गुग्गड़ पर गाली-गलौज, अभद्र व्यवहार और जान से मारने की धमकी देने के गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता ने दो दिन पूर्व थाने में शिकायत दी थी, लेकिन 48 घंटे बाद भी एफआईआर दर्ज नहीं की गई।

महिला ने गुरुवार को जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव को लिखित परिवाद सौंपा। उसने बताया कि दो दिन पहले वह नगर निगम में एक कार्यक्रम में शामिल होने जा रही थी। इसी दौरान आरोपी पहले उसके पति की दुकान पर पहुंचा और उनसे गाली-गलौज व बदतमीजी की। इसके बाद नगर निगम गेट पर आकर आरोपी ने उसके सामने अपनी गाड़ी लगाई और अभद्र व्यवहार करते हुए गाली-गलौज की। पीड़िता ने आरोप लगाया कि आरोपी पिछले 6-7 महीनों से उसे और उसके परिवार को धमकियां देकर मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा है।एसपी यादव ने महिला को निष्पक्ष जांच और कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# बिजोलिया में सिलेंडर ब्लास्ट से हड़कंप, 8 लोगों की जान आई आफ़त में , टीन छप्पर उड़े, दीवारें क्षतिग्रस्त

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया





उपखंड क्षेत्र के जलिंद्रि पीपली का डेरा गांव में गुरुवार सुबह एक बड़ा हादसा टल गया। सुबह लगभग 5 बजे चाय बनाने के दौरान रसोई में गैस सिलेंडर ब्लास्ट हो गया, जिससे मकान गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही कि परिवारजन समय रहते बाहर निकल आए, अन्यथा बड़ी जनहानि हो सकती थी। घटना उस समय हुई जब भोजराज बंजारा की पत्नी मीरा देवी रसोई में चाय बना रही थीं। अचानक सिलेंडर में आग लग गई। परिवार ने आग बुझाने की कई कोशिशें की, लेकिन असफल रहने पर सभी सदस्य तुरंत घर से बाहर भागे। कुछ ही देर बाद सिलेंडर फट गया। धमाका इतना जोरदार था कि इसकी आवाज लगभग एक किलोमीटर दूर तक सुनाई दी। ब्लास्ट से मकान का टीन छप्पर उड़ गया, दीवारें दरक गईं और घर में रखा सामान व कपड़े आग की भेंट चढ़ गए। घर में घटना के समय 8 सदस्य मौजूद थे, जिनकी जान बाल-बाल बच गई। पीड़ित भोजराज बंजारा ने बताया कि उनके घर को उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन मिला हुआ था। घटना के बाद पूरा परिवार सहम गया और गांव में हड़कंप मच गया।

सूचना मिलते ही ग्रामीण और पड़ोसी घटनास्थल पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू किया। उन्होंने परिवार को सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित किया और आग के फैलने से बचाया। पूर्व सरपंच विजय तिवाड़ी भी मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया।

गांव में हुई इस घटना से ग्रामीण दहशत में आ गए। ग्रामीणों ने कहा कि अगर परिवार समय पर बाहर न निकलता, तो हादसा बड़ी त्रासदी में बदल सकता था।

# डोडा तस्करी में पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 1.62 करोड़ का मादक पदार्थ जब्त



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 10 क्विंटल 81 किलोग्राम डोडा चुरा , तस्करी में प्रयुक्त पिकअप और क्रेटा कार जब्त की है। जब्त मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार कीमत लगभग 1.62 करोड़ रुपये बताई जा रही है।

अवैध मादक पदार्थ पर कार्रवाई को रायपुर थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम ने अंजाम दिया है ।

रायपुर थानाधिकारी अर्जुनलाल गुर्जर ने बताया की 24 सितंबर की रात को थाना पुलिस की टीम नाकाबंदी कर रही थी। इसी दौरान सूचना मिली कि गंगापुर से रायपुर की तरफ दो वाहन मादक पदार्थ ले जा रहे हैं। इस दौरान क्रेटा कार चालक पुलिस को देखकर मौके पर कार छोड़कर फरार हो गया। वहीं, पीछे चल रही पिकअप भी अंधेरे में जंगल की तरफ भाग गई, लेकिन उसमें भरे 10 क्विंटल 81 किलोग्राम डोडा को जब्त किया गया। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान शुरू कर दिया है।



## QUICK BITES

# नगर पालिका परिसर में शहरी सेवा शिविर हुआ आयोजित

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।



राज्य सरकार के निर्देशानुसार चल रहे शहरी सेवा शिविर के तहत गुरुवार को वार्ड 12 का शिविर नगर पालिका परिसर में आयोजित हुआ। अध्यक्ष रघुनन्दन सोनी व आयुक्त रिंकल गुप्ता ने बताया कि शिविर में जन्म प्रमाण पत्र 20, विवाह 3 व मृत्यु प्रमाण पत्र 2 जारी किए गए। 25 रोड लाइटें दुरुस्त व 2 नई लगाई गईं। सफाई से जुड़ी शिकायत का मौके पर समाधान हुआ। विद्युत विभाग ने 7 शिकायतों का निस्तारण किया, जबकि महिला एवं बाल विकास विभाग ने 20 लाभार्थियों को पूरक पोषाहार दिया। प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना में 1 आवेदन का निपटारा किया गया। चिकित्सा विभाग ने 18 व्यक्तियों की जांच की।

शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से निलू महावर व राजू कोली की गोदभराई रस्म भी सम्पन्न हुई। इस मौके पर पार्षद, अधिकारी व विभागीय प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## माता के नाम-स्मरण से अज्ञान मिटेः राकेश मिश्रा महाराज ने भागवत कथा में समझाया भक्तों को मार्ग

भीलवाड़ा फोकस @ बेंगू



जोगणिया माता में चल रही देवी भागवत कथा के चतुर्थ दिवस पर कथावाचक राकेश मिश्रा महाराज ने भक्तों को माता के दिव्य नाम और स्वरूपों की महिमा का भावपूर्ण वर्णन किया।

महाराज ने बताया कि माता के नाम में इतनी अपार शक्ति है कि उसका उच्चारण करते ही अज्ञान का नाश हो जाता है। कथा प्रसंग में उन्होंने उतथ्य नामक मूर्ख बालक का उदाहरण देते हुए कहा कि केवल माता के नाम-स्मरण से ही वह परम विद्वान बन गया।

महाराज ने माता के विभिन्न स्वरूपों का विस्तृत और सुंदर वर्णन किया तथा कहा कि जो भी भक्त निष्ठा से माता के चरणों में आस्था रखकर उनका नाम जप करता है, उसे जीवन में सफलता और शांति की प्राप्ति होती है।

कथा पांडाल में उपस्थित श्रद्धालु भक्ति और आनंद में डूबे रहे। पूरे वातावरण में माता के जयकारे और भक्ति रस का संचार हुआ।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# देशभर में प्रसिद्ध है भरका माता, आस्था के साथ व्यापार की इष्ट देवी

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

जिले के गंगापुर उपखंड की ग्राम पंचायत भरक स्थित भरका माता मंदिर मेवाड़ क्षेत्र का प्रसिद्ध शक्तिपीठ है। यहां न सिर्फ प्रदेश बल्कि गुजरात, मुंबई और दक्षिण भारत से भी श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। आस्था के साथ लोग भरका माता को व्यापार की इष्ट देवी मानते हैं। विशेषकर गंगापुर व सहाड़ा क्षेत्र के सैकड़ों परिवार देशभर में भरका माता के नाम से आइसक्रीम और पाव भाजी की लॉरियां संचालित करते हैं।

गौरतलब है कि हजारों वर्ष पूर्व राजा भर्तहरि ने यहां तपस्या कर माता की मूर्ति स्थापित की थी। इसी से गांव का नाम भरक पड़ा। मंदिर की पहाड़ी पर पहले शेर रहते थे और ठठेरा समाज की बर्तनों की गूंज दूर तक सुनाई देती थी।

मंदिर विशेष संगमरमर से निर्मित है। पहले यहां पहुंचने के लिए 763 सीढ़ियां चढ़नी पड़ती थीं, पर अब सड़क निर्माण से वाहन सीधे मंदिर तक पहुंच सकते हैं। पास ही बनी गोशाला में सैकड़ों गौवंश रहते हैं।

भरका माता विकास समिति मंदिर के विकास कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रही है। यह मंदिर दूर से ही



श्रद्धालुओं को आस्था और शक्ति का अनुभव कराता है।

# पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर भाजपा ने अर्पित की श्रद्धांजलि, पौधारोपण से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश





भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया

अखंड मानववाद के प्रणेता और अंत्योदय के पुरोधा पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर भाजपा मंडल कार्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने उपाध्याय की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम का नेतृत्व मंडल अध्यक्ष राजेंद्र कुमार बंजारा ने किया। उन्होंने उपाध्याय के जीवन दर्शन और योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके आदर्श गरीब, किसान और अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक न्याय पहुँचाने की राह दिखाते हैं।


जयंती के उपलक्ष में भाजपा कार्यकर्ताओं ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में पौधारोपण किया। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण के महत्व को बताते हुए स्थानीय स्तर पर अधिक से अधिक हरियाली बढ़ाने का संकल्प लिया गया।

कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज गोधा, मंडल उपाध्यक्ष शांति लाल जोशी, महामंत्री मुकेश धनोपिया व मुकेश धाकड़, वरिष्ठ नेता वेदप्रकाश तिवाड़ी, पूर्व पंचायत समिति सदस्य धर्मराज खटीक, उमाशंकर वैष्णव, शक्ति केंद्र संयोजक कमलेश कोली, बूथ अध्यक्ष चेतन पंवार, मंडल मीडिया प्रभारी कालू पुरी और सह प्रभारी तुलसी रिजवानी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# साइन बोर्ड नहीं होने से वाहन चालकों की बढ़ी परेशानी, 4 किलोमीटर का लगाना पड़ रहा अतिरिक्त चक्कर

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया


**(नरेश धाकड़)।** नगर ले कैसरगंज चौराहे पर राष्ट्रीय राजमार्ग पर पुलिया निर्माण कार्य चल रहा है। इस दौरान वाहनों के आवागमन के लिए सर्विस रोड तो बना दी गई है, लेकिन उस पर उचित साइन बोर्ड नहीं लगाए जाने से वाहन चालकों को भारी परेशानीयो का सामना करना पड़ रहा है। बूंदी जाने वाले वाहन चालकों को सही मार्ग की जानकारी नहीं मिलने के कारण लगभग 4



किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर लगाना पड़ रहा है। कई बार स्थिति ऐसी बन जाती है कि कुछ वाहन चालकों को कोटा होकर बूंदी पहुंचना पड़ रहा है, जिससे समय और ईंधन दोनों की बर्बादी हो रही है। स्थानीय वाहन चालकों का कहना है कि यदि हाईवे विभाग समय रहते साइन बोर्ड लगा दे तो इस परेशानी से बचा जा सकता है। लोगों ने नेशनल हाईवे कर्मचारियों से शीघ्र ही आवश्यक संकेतक बोर्ड लगाने की मांग की है ताकि आमजन को राहत मिल सके।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत श्रमदान, घर-घर कचरा पृथक्कीकरण की शुरुआत





भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया

**मानव तिवाड़ी ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत गुरुवार को नगर पालिका की ओर से विशेष कार्यक्रम आयोजित हुआ। 1 दिन, 1 घंटा, एक साथ राष्ट्रव्यापी श्रमदान के तहत जागेश्वर महादेव मंदिर के पास सफाई अभियान चलाया गया, जिसमें आमजन और सफाईकर्मियों ने मिलकर श्रमदान किया। इस दौरान लोगों को गंदगी न फैलाने और सफाई व्यवस्था में सहयोग देने की समझाइश भी की गई। इसी क्रम में नगर पालिका ने परकोटे के भीतर घर-घर कचरा स्त्रोत पृथक्कीकरण की पहल शुरू की। अधिशासी अधिकारी पंकज कुमार मंगल ने बताया कि अब प्रत्येक घर से गीला, सूखा, खतरनाक और बेकार कचरा अलग-अलग संग्रहित किया जाएगा। इस व्यवस्था से न केवल रिसाइक्लिंग में मदद मिलेगी बल्कि पशुओं को नुकसान पहुँचाने वाले कचरे से भी बचाव होगा।

साथ ही नगर पालिका बैठक हॉल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राजस्थान दौरे का सीधा प्रसारण देखा गया। बांसवाड़ा से ?1.22 लाख करोड़ की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और तीन ट्रेनों का शुभारंभ प्रसारण का मुख्य आकर्षण रहा। कार्यक्रम में पूर्व पालिका अध्यक्ष पूजा चंद्रवाल, पूर्व उपाध्यक्ष प्रेमदेवी मेवाड़ा, पूर्व पार्षद कोमल जैन, लोकेश पारीक सहित बड़ी संख्या में आमजन और पालिका स्टाफ मौजूद रहे।

# कांग्रेस की बैठक, वोट चोरी के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान, 7 दिन में ब्लॉक अध्यक्ष की नियुक्ति का आश्वासन , अनुपस्थित मंडल अध्यक्षों को नोटिस

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**

वोट चोरी के मुद्दे पर कांग्रेस ने अपना आंदोलन तेज कर दिया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के निर्देश और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आह्वान पर गुरुवार को बिजौलिया ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में विशेष बैठक आयोजित हुई। बैठक की शुरुआत वोट चोर गद्दी छोड़ो हस्ताक्षर अभियान से हुई, जिसमें कार्यकर्ताओं ने उत्साह के साथ भाग लिया।

बैठक का संचालन प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं विधानसभा प्रभारी डॉ. सुनील लारा तथा ब्लॉक प्रभारी रफीक शेख ने किया। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य अंकित तिवारी, प्रदेश सचिव विभा माथुर, मंडल अध्यक्ष अनिल राव, विक्रम सोनी, वंदना माथुर, जगदीश सांखला, शक्ति नारायण शर्मा, गोपाल शर्मा, रणजीत सिंह कानावत, विशाल तिवारी, मनीष टांक, मुकेश खटीक, अनिल कंबोज, रामेश्वर लाल सेन, बालकिशन खटीक, राजेंद्र माथुर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बैठक में वरिष्ठ संगठन मंत्री शक्ति नारायण शर्मा ने कार्यकर्ताओ को बैठक की सूचना की कमी पर नाराजगी जताई, वहीं विधानसभा प्रभारी डॉ. सुनील लारा ने अनुपस्थित मंडल अध्यक्षों पर सख्ती दिखाते हुए बिजौलिया मंडल अध्यक्ष अनिल राव को सभी अनुपस्थित अध्यक्षों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। लारा ने यह भी घोषणा की कि लंबे समय से खाली चल रहे ब्लॉक अध्यक्ष पद पर 7 दिनों के भीतर नियुक्ति की जाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पार्टी के कार्यों का सम्मान करते हुए एकजुट रहना चाहिए।




बैठक के दौरान प्रदेश सचिव विभा माथुर ने कार्यकर्ताओं को आगामी 8 अक्टूबर को मांडलगढ़ में पूर्व मुख्यमंत्री शिवचरण माथुर एवं सुशीला देवी की प्रतिमा अनावरण समारोह में शामिल होने का आमंत्रण दिया और तैयारियों की जानकारी साझा की।

# गिव अप अभियान में भीलवाड़ा अव्वल, 1.70 लाख लोगों ने छोड़ा लाभ

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

जिले ने गिव अप अभियान में ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। राज्य सरकार की इस अनूठी पहल में जिले के 1 लाख 70 हज़ार 753 लाभार्थियों ने स्वेच्छा से एनएफएसए योजना राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम का लाभ त्यागकर समाज सेवा का अनोखा उदाहरण पेश किया। इस योगदान के चलते भीलवाड़ा पूरे राजस्थान में प्रथम स्थान पर रहा। जिला रसद अधिकारी अमरेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि अभियान का उद्देश्य न केवल लाभार्थियों की सूची का शुद्धिकरण है, बल्कि वास्तविक जरूरतमंदों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाना भी है। इस दौरान सम्पन्न वर्ग के चार-पहिया वाहन मालिक, आयकरदाता और उच्च आय वाले परिवारों ने स्वेच्छा से लाभ त्याग कर सामाजिक जिम्मेदारी निभाई।

मिश्रा ने बताया कि जिले में गिव अप और ई केवाईसी प्रक्रिया के माध्यम से 2 लाख 46 हज़ार 755 लोगों को योजना से हटाया गया और 2 लाख 20 हज़ार 789 नए पात्र लाभार्थियों को जोड़ा गया। नए लाभार्थियों को न केवल प्रति माह 5 किलो गेहूँ मिलेगा, बल्कि मुख्यमंत्री रसोई गैस सब्सिडी, आयुष्मान आरोग्य योजना और दुर्घटना बीमा जैसी सुविधाओं का लाभ भी मिलेगा।

इस अभियान से केवल भीलवाड़ा जिले में ही प्रति माह लगभग 3.77 करोड़ रुपए की सब्सिडी बचत हुई। जिला रसद अधिकारी ने कहा कि यह कदम राज्य की वित्तीय मजबूती और सामाजिक न्याय दोनों में योगदान दे रहा है।

# भाजपा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर संगोष्ठी की आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर भाजपा जिला कार्यालय में संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम का मुख्य आतिथ्य अजमेर के पूर्व जिला प्रमुख एवं अभियान संभाग संयोजक पुखराज पहाड़िया ने किया, जबकि अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने संभाली। मांडल विधायक उदयलाल भडाना और महापौर राकेश पाठक भी मौजूद रहे।

संगोष्ठी में पुखराज पहाड़िया ने कहा कि पंडित दीनदयाल का जीवन राष्ट्रसेवा और भारतीय संस्कृति के उत्थान के लिए समर्पित रहा। उनका आदर्श और अंत्योदय का विचार आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में साकार हो रहा है। कार्यक्रम में जिला महामंत्री अविनाश जीनगर, जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया, मंडल अध्यक्ष ऋतुशेखर शर्मा सहित कई वरिष्ठ भाजपा नेता और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। संगोष्ठी का



संचालन जिला महामंत्री प्रहलाद त्रिपाठी ने किया।

# ग्रामीण सेवा शिविर में भूमि बंटवारे के प्रकरण सुलझे, पात्र लाभार्थी को मिला पुश्तैनी मकान का पट्टा

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलियां**

**नरेश धाकड़ ।** उपखंड क्षेत्र के छोटी बिजौलियां में ग्रामीण सेवा शिविर का सफल आयोजन उपखंड अधिकारी अजीत सिंह राठौड़ के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुआ। शिविर में ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया गया,शिविर के दौरान भूमि बंटवारे से जुड़े कई प्रकरण मौके पर ही सुलझाए गए। इनमें ग्राम थडौदा , ग्राम मानपूरा तथा ग्राम थडौदा के एक अन्य भूमि के बंटवारे हेतु ग्रामीणों द्वारा लिखित प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए गए।

शिविर प्रभारी एवं उपखंड अधिकारी के निर्देशन में तहसीलदार ललित डीडवानिया ने दोनों पक्षों की सहमति के आधार पर दस्तावेजों की जांच की और नियमानुसार आदेश पारित कर प्रकरणों का त्वरित निस्तारण किया।

इसी शिविर में पुष्पा पत्नी भोलू धाकड़, निवासी छोटी बिजौलियां ने पुश्तैनी मकान का पट्टा दिलाने का निवेदन किया। इस पर उपखंड अधिकारी ने तत्काल संज्ञान लेते हुए ग्राम विकास अधिकारी को मौके पर




ही निरीक्षण करने और नियमानुसार पट्टा वितरित करने के निर्देश दिए। जिसके बाद उसी समय मकान का पट्टा प्रदान कर दिया गया।

# गेगा का खेड़ा में ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला**

**जसवंत पारीक**


कस्बे के निकटवर्ती गेगा का खेड़ा गांव में गुरुवार को ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित हुआ। प्रशासक शंकर लाल शर्मा ने बताया कि शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर निस्तारण हुआ। ग्रामीणों ने चारागाह भूमि पर अतिक्रमण का मामला उठाया। शिविर में कोटडी उपखंड अधिकारी तानिया रिणवा,तहसीलदार रामकिशन मीणा सहित सभी विभागों के कर्मचारियों ने भाग लिया।



## QUICK BITES

# ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडल**



क्षेत्र के हीरा जी का खेड़ा गांव के पास ट्रेन की चपेट में आने से आसींद के खारड़ा निवासी जीवराज लोहार की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस व आरपीएफ मौके पर पहुंचे और शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया।

तलाशी में जीवराज की जेब से चित्तौड़गढ़-भीलवाड़ा ट्रेन का टिकट मिला। परिजनों ने बताया की मृतक चित्तौड़ जाने की बात कहकर निकला था। पुलिस का मानना है कि भीलवाड़ा स्टेशन निकल जाने के बाद हड़बड़ाहट में उतरने की कोशिश के दौरान यह हादसा हुआ। पुलिस मामले को जांच में जुटी है ।

# मोटरसाइकिल व कार में भिड़ंत, एक गंभीर घायल

**भीलवाड़ा फोकस @ बनेड़ा**



उपखंड क्षेत्र के मुंशी चौराहे पर गुरुवार को एक मोटरसाइकिल और कार में जोरदार भिड़ंत हो गई ।जिसमें मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया।

जानकारी के अनुसार, हादसे में घायल विष्णु राम पिता नानुराम कुमावत , निवासी कोडलाई, का पैर टूट गया। जिसे 108 एंबुलेंस की सहायता से बनेड़ा अस्पताल ले जाया गया , जहाँ चिकित्सकों ने गंभीर हालत में भीलवाड़ा रेफर किया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है ।

# जमीन धोखाधड़ी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा ।**



थाना पुलिस ने मृतक को जीवित बताकर जमीन बेचने की धोखाधड़ी का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने जमीन बेचने का फर्जीवाड़ा करते हुए पीड़ित से 5.50 लाख रुपये की ठगी की वारदात को अंजाम दिया ।

थानाधिकारी सुरेश चंद ने बताया की पीड़ित विरेन्द्र सिंह ने बीते वर्ष 30 जुलाई को रामप्रसाद पुत्र भूरा लाल महाजन रायला की जमीन को 8 लाख रुपये में खरीदा था और तहसील शाहपुरा में विक्रय पत्र पंजीकृत करवाया। बाद में पता चला कि रामप्रसाद की मृत्यु हो चुकी थी ।पुलिस ने धोखाधड़ी से जमीन बेचने के मामले में बंजरंग लाल गुर्जर (54) और रतन लाल राव (44) को गिरफ्तार किया हैं। इस दौरान धोखाधड़ी में ली गई राशि भी जब्त की है । मुख्य आरोपी सत्यनारायण पुत्र गोपाल गुर्जर, धर्मराज गुर्जर और अंग्रेज कालबेलिया की पुलिस तलाश कर रही है ।

# युवक ने पिया विषाक्त, हालत गंभीर

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया**



थाना क्षेत्र के गणेशपुरा गांव में गुरवार सुबह एक युवक ने अज्ञात कारणों से विषाक्त पी लिया, जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई। घटना की जानकारी तब परिजनों को लगी जब युवक बेसुध अवस्था में मिला।

परिजन मुकेश धाकड़ ने बताया कि 32 वर्षीय उमाशंकर पुत्र प्यारचंद धाकड़ खेत में मक्का की फसल काटने गया था। इसी दौरान उसने अचानक जहरीला पदार्थ पी लिया। तुरंत उसे कस्बा स्थित उप जिला चिकित्सालय लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने भीलवाड़ा जिला अस्पताल रेफर किया।

उमाशंकर किसान हैं और उसके दो छोटे बच्चे हैं। अचानक घटी इस घटना से परिवारजन और गांव के लोग सदमे में हैं। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि युवक ने जहर क्यों लिया।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कम्प्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।